## सार-समाचार

### डॉ रंजना तिवारी अवार्ड से सम्मानित



**भरतपुर**, (निसं)। बाबा सुग्रीव विद्यापीठ की प्रिंसिपल डॉक्टर रंजना तिवारी को प्रतिष्ठित पत्रिका दिवा प्लेनेट के द्वारा वर्ष 2025 के लिए नारी रत्न आईकॉनिक अवार्ड से सम्मानित किया गया ,डॉ रंजना तिवारी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्रिंसिपल ऑफ द ईयर 2025 का सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए दिवा प्लेनेट के प्रबंधन ने शिक्षा के साथ संस्कारों की वृद्धि करने में डॉ रंजना तिवारी के विशेष योगदान की सराहना की,इस उपलब्धि पर बाबा सुठीव विद्यापीठ के प्रबंध निदेशक इंजीनियर रवि शर्मा ने डॉ रंजना तिवारी को शुभकामना देते हुए कहा कि डॉ रंजना तिवारी शिक्षा से समाज जागरण कर भारत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### रात्रि चैपाल के दौरान सुनी परिवेदनाएं

**करौली**, (निसं)। आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने श्रीमहावीरजी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सनेट में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त एवं लम्बित प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। रात्रि चैपाल में आमजन एवं ग्रामीणों के द्वारा पेयजल सप्लाई, सडक निर्माण करवाने, रास्ता सही करवाने, रास्तों पर से अतिक्रमण हटवाने, अवैध शराब की दुकानों को बंद करवाने, राजस्व कार्मिकों को मुख्यालय पर उपस्थित होने, सहकारी समिति में व्यवस्थापक के अनुपस्थित रहने, स्कूल की बोरिंग से अवैध कनेक्शन हटवाने, चारगाह भूमि पर से अतिक्रमण हटवाने, सहित विभिन्न विभागों के 27 प्रकरण प्राप्त हुए। जिन पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा, उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र मीणा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दौ सौ के बदले वसूल रहे 700 रुपये

**भुसावर**, (निसं)। कस्बा भुसावर में नगरपालिका द्वारा खनन सामठाी भरे वाहनों से लिये जाने वाला प्रवेशकर नाका खुलते ही विवादों में आ गया। जहां संवेदक द्वारा तय शुल्क से तिगुना शुल्क लिये जाने और मना करने पर ट्रक चालक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जिस पर ट्रक चालक द्वारा पुलिस थाना पहुॅचकर मामला दर्ज करवाया है। जिस पर पुलिस ने पहुॅचकर कार्रवाही को अंजाम दिया। थाना भुसावर पर उत्तरप्रदेश के जिला अलीगढ निवासी ट्रक चालक लक्ष्मण सिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट में बताया है कि वह अपने ट्रक में डस्ट भरकर क्रेशर जोन से मथुरा के लिए जा रहा था। जहां बल्लभगढ सडक मार्ग पर लगे प्रवेश कर नाका के कर्मचारियों ने जबरन 700 रूपये ले लिये। वहीं और अधिक रूपयों की मांग करने लगे। जब मना किया तो कर्मचारिरयों द्वारा मारपीट करना शुरू कर दिया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर मारपीट की सूचना पर थाने के सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश चौधरी मौके पर पहुंचे और हेमेन्द्र पुत्र महेश निवासी बस स्टैंड भुसावर, मुकेश पुत्र मागती निवासी नयावास भुसावर बलराम पुत्र शंकर निवासी बल्लभगढ़ थाना भुसावर, संजय पुत्र करण सिंह नयावास भुसावर को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया जिनको संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। मिली जानकारी के अनुसार राजनीतिक संरक्षण के कारण पथकर के संवेदक व कर्मचारियों ने क्रेशर से निकलने वाले ट्रक चालक व ट्रेलर वालों को परेशान कर रखा है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। भरतपुर जिला कलक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा ने बुधवार को दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण 5 मार्च 2025 को किया गया। भुसावर स्वास्थ्य केंद्र में पांच कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इनमें तीन चिकित्सा अधिकारी डॉ. केदारनाथ नेवला, डॉ. राजकुमार गुप्ता और डॉ. बृजेश कुमारी शामिल थे। साथ ही नर्सिंग अधिकारी उदल सैनी और नेत्र सहायक श्यामसुंदर भी गायब थे। एसडीएम ने सीएचसी प्रभारी को शौचालयों और वार्डों की साफ-सफाई के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को कार्यालय समय में उपस्थित रहने के लिए पाबंद किया। छौकरवाड़ा स्वास्थ्य केंद्र में भी व्यवस्थाएं दुरुस्त नहीं मिलीं। यहां साफ-सफाई की स्थिति खराब थी। एसडीएम ने इस पर नाराजगी जताई। उन्होंने यहां के कर्मचारियों को भी समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### 'सीएचसी निमार्ण कार्य शीघ्र शुरू हो'

**भरतपुर**, (निसं)। पूर्व मंत्री एवं विधायक सुभाष गर्ग द्वारा बुधवार को विधानसभा सदन में गाँव बहनेरा की सीएचसी निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं होने के मामले को जोरदार तरीके से उठाया गया। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने विधानसभा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के संज्ञान में लाते हुए कहा कि भरतपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव बहनेरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन के टेंडर एवं कार्यादेश जारी होने के बावजूद भी निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हुआ है। डॉ. गर्ग ने कहा कि सीएचसी के लिए 6/10/2023 को कार्यादेश जारी हो गए है, उक्त कार्य 5/07/2024 को पूर्ण करना था इसके लिए 4 करोड़ 91 लाख रुपये टेक्निकल सेशान निकाली गई थी जिसकी टेंडर राशि 3 करोड़ 95 लाख रुपए निकल के आई।लगभग डेढ़ साल बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हुआ है। विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री और सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार जैसे चाहे वैसे उक्त निर्माण कार्य को करवा सकती है। मैं डेढ़ साल से इस कार्य के लिए प्रयास कर रहा हूं मगर प्रशानिक अधिकारियों ने हठधर्मिता अपना रखी है। सरकार एक तरफ पारदर्शिता और शीघ्र काम करना चाह रही है,लेकिन किन अधिकारियों की वजह से कार्य में रुकावट आ रही है इसकी जिम्मेदारी तय की जाय।

### निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

**करौली**, (निसं)। वीणा मैमोरीयल स्नातकोत्तर महाविद्यालय करौली के पुस्तकालय विभाग के तत्त्वावधान में विद्यार्थियों के परिपेक्ष्य में पुस्तकालय की भूमिका विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. लक्ष्मण धाकड ने बताया कि जिसका उद्देश्य पुस्तकालय कि भूमिका पर प्रकाश,पुस्तकालय द्वारा प्रदत्त सेवायें,विद्यार्थियों और पुस्तकालय सेवाओं का आपसी सम्बन्ध एव विद्यार्थियों को पुस्तकालय द्वारा डिजिटल सेवाओं से लाभ उठाये जाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के 27 छात्रछात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान मुस्कान मीणा,द्वितीय स्थान अंशुल सेहरा व रजित माली तथा तृतीय स्थान यशी मुद्गल ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के बारे में महाविद्यालय के प्राचार्यडॉ.लक्ष्मन धाकड़ ने बताया कि पुस्तकालय के उपयोग के माध्यम से अध्यय नहीं अपितु अपने नैतिक, मानसिक और सामाजिक विकास के मूल्यों को भी प्राप्त किया जा सकता है।महाविद्यालय में समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताएँ आयोजित करवाई जाती है।

### एएनएम कोर्स के लिए हुई काउंसलिंग

**करौली**, (निसं)। एएनएम कोर्स के लिए चयन प्रक्रिया अंतर्गत दस्तावेज सत्यापन स्वास्थ्य भवन परिसर स्थित सीएमएचओ कार्यालय में किया गया। जिसमें गठित दल द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई। सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि 45 सीटों एएनएम प्रशिक्षण के लिए 270 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की जा रही है जिसमें से मेरिट अनुसार प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। चयन कमेटी में जिला कलक्टर प्रतिनिधि,एटीओ,आरसीएचओ डॉ राजेश कुमार, एएनएम टीसी प्रभारी कैलाश चंद ने सीएमएचओ की अध्यक्षता में शैक्षिणक और अन्य दस्तावेजों की जांच की।

# दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय वाक्पीठ संगोष्ठी का समापन




दो दिवसीय सत्रांत संस्था प्रधान ब्लॉक स्तरीय वाकपीठ संगोष्ठी का समापन हुआ।

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। दो दिवसीय सत्रांत संस्था प्रधान ब्लॉक स्तरीय वाकपीठ संगोष्ठी का समापन समारोह मंगलवार को बयाना रोड स्थित निर्मल महाविद्यालय में आयोजित हुई। प्रधानाध्यापक सुखबीर बेनीवाल ने बताया कि दो दिवसीय उच्च प्राथमिक व प्राथमिक संस्था प्रधान संगोष्ठी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा निवृत शिक्षा विभाग के उपनिदेशक वीर सिंह बेनीवाल व कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिंडौन कैलाश चंद मीना ने की। ए सी बी ओ रिद्धि चंद जैन , हरिओम शर्मा, आर पी कमल शर्मा,जयलाल प्रधानाचार्य तिमन सिं, शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र बाबा, वाक पीठ अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ,निर्मल कॉलेज के निदेशक मनीष चौधरी रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में

■ **वाकपीठ संगोष्ठी में प्रधानाध्यापकों ने विद्यालय प्रबंधन पर चर्चा की**

कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि वीर सिंह बेनीवाल ने संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रधानाध्यापक को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं को अपडेट कर विभाग की समस्त योजनाओं को समय से पूरा करने का आवाहन किया। विद्यालय में नामांकन वृद्धि, छात्र नियमितता व विभिन्न नवाचारों के बढ़ाने पर जोर दिया। आयोजन कमेटी के प्रधानाध्यापक सुखबीर बेनीवाल सुमेर सिंह, राजेश कुमार मीणा, दिनेश शर्मा, अंजू बडेजा, राधेश्याम गुर्जर, राजेश्वरा, रेनू अग्रवाल ने अतिथियों का माल्यार्पण व साफा बंधन कर स्वागत किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधानाध्यापक रणजीत सिंह गुर्जर ने किया। संगोष्ठी में वार्ताकार प्रधानाध्यापक मुकेश चंद्र गुप्ता विद्यालय संचालन एवं प्रधानाध्यापक की भूमिका, रणजीत सिंह गुर्जर 2020 एवं एफ एल एन, सुमेर सिंह जाट शाला स्वास्थ्य व यूथ एवं इको क्लब , लक्ष्मण सिंह भागोर राजेश कुमार मीणा, दिनेश कुमार शर्मा स्वच्छ भारत अभियान में अधिकारियों की भूमिका। विजय कुमार शर्मा, व खुला सत्र में प्रश्न किए गए जिनका जवाब वार्ताकारों ने संतुष्टि पूर्वक दिया । संगोष्ठी में भाग लेने आए सभी का आभार व्यक्त किया । संगोष्ठी का आयोजन 3 मार्च से 4 मार्च तक किया गया।

इस अवसर पर इस सत्र में सेवानिवृत होने वाले मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा , एक्बीओ रिद्धि चंद जैन, प्रधानाध्यापक बालकृष्ण शर्मा, हरि सिंह जाटव, प्रबोधक बदन सिंह का माल्यार्पण एवं साफा बंधन स्मृति चिन्ह शाल उड़ाकर कर स्वागत किया।

## स्थानीय संघ की बैठक व सम्मान समारोह का आयोजन

**करौली**, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

सचिव स्थानीय संघ मुकेश सारस्वत ने बताया कि स्थानीय संघ करौली के अधीन आने वाले स्काउट गाइड ग्रुपों द्वारा नेशनल जंबूरी त्रिचि तमिलनाडु में सहभागिता करने वाले एवं राज्य पुरस्कार रैली जयपुर में राज्यपाल महोदय से पुरस्कृत स्काउट गाइड, रोवर व रेंजर को स्थानीय संघ कार्यालय करौली में सम्मानित किया गया साथ ही एडवांस कोर्स ओर हिमालय बुडवेज करने वाले स्काउटर को अतिथियों स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया।कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर इंद्रेश तिवाडी और स्थानीय संघ के प्रधान देवी सिंह राजपूत के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया।मंचासीन अतिथियों का स्काउटर व गाइडर ने स्काउट रीति से स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया।

स्काउट गाइड को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी इंद्रेश तिवाडी ने कहा कि स्काउट गाइड सेवा का पर्याय है उसे प्रतिदिन सेवा का कार्य अवश्य करना चाहिए विद्यालयों में कब बुलबुल से ही स्काउट गाइड की शुरुआत और योग्यता वृद्धि करते हुए श्रेष्ट नागरिकों के निर्माण हेतु प्रत्येक विद्यालय में बच्चों को स्काउट गाइड गतिविधियों से जोडते हुए प्रत्येक प्रशिक्षित स्काउटर गाइडर संकल्पित होकर बच्चों में संस्कार के वाहक बनें। उन्होंने प्रत्येक स्काउट गाइड का आव्हान किया कि अपने जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें। मितव्ययी बने और प्रकृति का संरक्षण करें। जीव जंतुओं से प्रेम करें ।पक्षियों के लिए परिंडे बांधे,वृक्ष लगाए और उनकी देखभाल करें।स्थानीय संघ करौली के प्रधान देवी सिंह राजपूत ने कहा कि स्कॉट सेवा भाभी होता है स्काउट संघ से जुड़कर मुझे गर्व की अनुभूति होती है स्काउट गाइड सामाजिक सरोकार प्रकृति प्रेमी और विभिन्न अवसरों पर सहयोग के लिए तत्पर रहता है।विश्व के सबसे बड़े वर्दी धारी संगठन राजस्थान के राज्य भारत स्काउट गाइड कैसा रहना करते हुए उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड के हर कार्य के लिए वे तन मन धन से सदैव सहयोग करने के लिए कार्य करेंगे।यह अवसर पर प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर रजनी गोयल ने स्काउट गाइड गतिविधियों के संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने स्काउट गाइड गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु उपस्थित ट्रेनिंग काउंसलरों को निर्देश प्रदान किए सीओ स्काउट अनिल गुप्ता ने स्काउट गाइड की विभिन्न गतिविधियां ,प्रशिक्षण एवं राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय इवेंट्स की जानकारी प्रदान की एवं स्काउट गाइड व स्काउटर गाइडर को योग्यता वृद्धि करने एवं विद्यालयों में स्काउट गाइड के प्रभावी संचालन के साथ सामाजिक सरोकार के कार्यों में सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। सीईओ गाइड निर्वाह मीणा ने स्थानीय संघ करौली द्वारा तेजी से स्काउट गाइड गतिविधियां के प्रभावी संचालन हेतु सराहना करते हुए कहा कि योग्यता आवृत्ति एवं विभिन्न गतिविधियों में सहयोगिता हेतु स्थानीय संघ करौली समस्त जिले में शीर्ष पर है।इस अवसर पर उप प्रधान अभय कुमार शर्मा,गणेश चंद शर्मा,दिनेश कुमार सैनी,राधा मोहन गुर्जर,राजेश कुमार शर्मा,अमृतलाल छाबड़ा,निर्मल चंद शर्मा अनुराधा शर्मा, पुष्पा मीना, गगन शर्मा, पप्पू लाल माली,सुरेश चैबदार, दीनदयाल सिंह, विनोद चैधरी, राहुल शर्मा, देवेंद्र स्वरूप शर्मा, शिवराज मीणा, रोवर, रेंजर, स्काउट व गाइड सहित स्थानीय संघ करौली कार्यकारिणी सदस्य उपस्थिति रहे।

## गुण्डवा तक नहीं पहुॅचा गुडगांवा कैनाल का पानी

**भरतपुर**, (निसं)। संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव के निर्देश पर भरतपुर फीडर के होम्स कैनाल से संबंध गुण्डवा ग्राम, भांडोर बंध एवं सेह बंध का जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में पाया गया कि होम्स कैनाल से गुण्डवा तक पानी नहीं पहुॅचा है केवल भांडोर बांध में पानी की आवक हुई है जिससे ठाामीणों में गुण्डवा ठााम तक पानी पहुॅच की आशंका व्यक्त करते हुये खेतों में पानी भरने से फसल खराबे का अंदेशा हुआ था।

अधिशाषी अभियंता जल संसाधन विभाग बनैसिंह ने बताया कि भरतपुर फीडर में बह रहे पानी को उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर पूर्व में ही बन्द करवा दिया गया था। तमरेर माइनर पर मिट्टी से भरे कट्टे भी लगवा दिये गये हैं।

उन्होंने बताया कि 3 मार्च को भरतपुर फीडर में गेज 2.90 फीट तथा 4 मार्च को 1.50 फीट तथा 5 मार्च को पूरी तरह शून्य हो चुका है। उन्होंने बताया कि होम्स कैनाल के माध्यम से गुण्डवाग्राम में पानी की आवक नहीं हुई है तथा कैनाल के अपस्ट्रीम में भी पानी की आवक रोक दी गई है।

## होली मिलन समारोह 9 को

**भरतपुर**, (निसं)। राष्ट्रीय मीणा महासभा जिला इकाई भरतपुर द्वारा मीणा छात्रावास मुखर्जी नगर भरतपुर के मीटिंग हॉल में 9 मार्च रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें मीणा समाज में हो रही महापंचायतों के निर्णय पर चर्चा, आगामी माह में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने पर चर्चा सहित अन्य बहुत सारे समसामयिक मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा

## मा. शिक्षा बोर्ड राजस्थान की परीक्षाएं आज से

**भुसावर/भरतपुर**, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा-2025 का शुभारम्भ 6 मार्च से हो रहा है और ये परीक्षा 9 अप्रेल तक आयोजित होगी।

कक्षा 10वीं की 4 अप्रेल को तथा कक्षा 12वीं की 9 अप्रेल को अन्तिम परीक्षा होगी। प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने भुसावर उपखण्ड में 15 तथा वैर उपखण्ड में 15 परीक्षा केन्द्र बनाए है। कक्षा 10वीं व 12वीं का परीक्षा समय सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक रहेंगा। पहले दिन 6 मार्च को 10 वीं का अंठोजी तथा कक्षा 12वीं का मनोविज्ञान का पेपर लगेंगा। भुसावर ब्लॉक में कक्षा 10वीं के 2 हजार 364 और कक्षा 12वी के एक हजार 729 तथा वैर ब्लॉक में कक्षा 10वीं के 2 हजार 283 और कक्षा 12वीं के एक हजार 771 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

माशिबोर्ड अजमेर,प्रशासन व शिक्षा विभाग ने दोनों कक्षाओं के प्रश्न-पत्र सुरक्षा की दृष्टि से निकटवर्ती पुलिस स्टेशन पर रखवा दिए गए है।

# भरतपुर में फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया

**भरतपुर**, (कासं)। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजनान्तर्गत फार्मर्स रजिस्ट्री प्रौजेक्ट के तहत तहसील नदबई की ग्राम पंचायत मुख्यालय पहरसर एवं परसवारा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने उपखण्ड स्तरीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर नोडल अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी नदबई गंगाधर

■ **शिविरों में अधिकारी व कार्मिकों के अनुपस्थित मिलने पर नाराजगी जताई**

मीणा को शिविरों में नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री शिविर में अधिकाधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए अन्य कृषकों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कृषकों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार का यह प्रयास है कि प्रत्येक कृषक की यूनिक आई.डी. बनाई जाये ताकि उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।



अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन ने शिविर का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा ने निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत मुख्यालय पहरसर एवं परसवारा पर आयोजित शिविरों में सम्बन्धित अधिकारी एवं कार्मिक अनुपस्थित पाये जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और साथ ही सरकार की मंशानुरूप कृषकों को शत-प्रतिशत योजनाओं में लाभ दिलवाये जाने के निर्देश दिए।

## सार-समाचार

### श्रमदान से निखरा छात्रावास परिसर

**करौली**, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में बुधवार को संस्थान, गोवर्धन सेवा मण्डल समिति करौली की ओर से संयुक्त रूप से श्रमदान किया गया। संस्था अध्यक्ष प्रेमसिंह माली ने बताया कि छात्रावास परिसर में उग रही खरपतवार को हटाकर पेड़ पौधों की सार सवाल कर पर्यावरण संरक्षण को संरक्षित करने का कार्य किया गया। वही गर्मी के मौसम को देखते हुए पेड़ पौधों पर मिट्टी मेड बनाने का काम भी किया गया। पेड़ पौधों के तनों पर सूखी घास, पत्ते आदि डालकर ढका गया जिससे कि सूरज के तेज प्रकाश से गर्मी में सिंचाई के पानी को जल्दी सोख नहीं सके। पिछले कई दिनों से लगातार अलग-अलग दिवस में श्रमदान कर छात्रावास के पेड़ पौधों का स्वरूप समाज सेवियों ने निखारने का काम किया है। बुधवार को भी महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा के चारों तरफ फूलों के पेड़ पौधे लगाने के साथ में खरपतवार हटाई गई एवं मेड पर मिट्टी चढ़ाने का काम किया गया इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान के सचिव रामगोपाल माली, सदस्य पन्नूसिंह माली, बाबूलाल भगत, रामदयाल कोतवाल, लक्ष्मण सिंह, भीमसिंह, महेश कुशवाह, गोपाललाल माली, गजानंद काका होटल, शिवचरण मेंबर ,धर्मी माली ,सुरेंद्र सैनी कामा, रूप सिंह ड्राइवर, कमलेश, गोवर्धन सेवा मण्डल समिति के शिवदयाल ठेकेदार, पप्पू ठेकेदार, धनंजय, हर्ष, सोमवती आदि मौजूद रहे।

### न्यूनतम तापमान में गिरावट

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में उत्तरी भारत की शीतलहर का असर दिख रहा है। बुधवार को तेज सर्द हवाओं के कारण सर्दी का एहसास बढ़ा। महू और कटकड़ क्षेत्र में कई खेतों में गेहूं की फसल पसर गई है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 26 डिठाी और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री रहा। 6 मार्च को न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना है। हालांकि, 7-8 मार्च से तापमान में बढ़ोतरी होगी। अधिकतम तापमान 31 डिठाी तक पहुंच सकता है। किसान गेहूं की फसल को लेकर चिंतित हैं। तेज सर्द हवाओं से फसल झुकने लगी है। इससे दानों में गुणवत्तापूर्ण पकाव नहीं हो पाएगा। होली के बाद गेहूं की कटाई शुरू होगी। मौसम के उतार-चढ़ाव से क्षेत्रवासियों के खानपान और पहनावे में भी बदलाव देखा जा रहा है। होली के आसपास तेज गर्मी का प्रभाव शुरू होने की संभावना है। फिलहाल रात के समय सर्दी बनी हुई है।

### भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार रेनू चौधरी को ज्ञापन सौंपा। इसमें सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए हमले का विरोध किया गया है। संभाग प्रभारी रिंकू खेड़ी हैवत ने बताया कि 28 फरवरी को भीम आर्मी संस्थापक और सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर पथराव किया गया था। ज्ञापन में सांसद आजाद को जेड प्लस सुरक्षा की मांग की गई है। अन्य प्रमुख मांगों में सूरौठ से लापता युवती की जानकारी लगवाने और भरतपुर के उच्चैन थाना क्षेत्र में रिटायरमेंट जुलूस पर हुए हमले की जांच शामिल है। साथ ही अध्यापिका सुनीता कुमारी का निलंबन वापस लेने की मांग भी की गई है। संभाग प्रभारी ने बताया कि दूसरे चरण में भीम आर्मी 10 मार्च को भरतपुर संभाग के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश गुलपाड़िया, विधानसभा अध्यक्ष उम्मेद करसोलिया, जिला सचिव योगेश बंशीवाल, विधानसभा महासचिव सागर, महेंद्र बंशीवाल, सतीश, राजकुमार सिकरवार और नवल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फायरिंग मामले का दूसरा आरोपी पकड़ा

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)।सदर थाना पुलिस ने महिला पर फायरिंग के मामले में दूसरे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कोटरी निवासी गोरधन मीना के रूप में हुई है।सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि 19 फरवरी को कोटरी की रेशम देवी जाटव ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में पालनपुर निवासी रविंद्र उर्फ हिटलर और गोरधन मीना पर फायरिंग का आरोप लगाया था। इस घटना में महिला के पैर की पिंडली में गोली लगी थी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए थे। पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ हिटलर को गिरफ्तार कर चुकी है। उसके पास से फायरिंग में इस्तेमाल की गई पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए थे। एएसआई बनय सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच चल रही थी। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी में एएसआई बनय सिंह के साथ शिवसिंह, राम भान और प्रधान समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### सरसों की बंपर आवक

**हिण्डौन सिटी**, (निसं)। कैलाश नगर स्थित कृषि उपज मंडी में नई सरसों की बंपर आवक से रौनक बढ़ गई है। मंडी समिति के अनुसार बुधवार को लगभग 20 हजार कट्टों की आवक दर्ज की गई। मंडी में सरसों के साथ गेहूं, बाजरा और तिल की भी आवक हो रही है। सोमवार से हिंडौन और आसपास के क्षेत्रों से किसान अपनी उपज लेकर पहुंच रहे हैं। सरसों का भाव 5200 से 5700 रुपए प्रति क्विंटल चल रहा है। मौसम में बदलाव के कारण सरसों में अभी नमी बनी हुई है। कृषि उपज मंडी के सचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि इस वर्ष फरवरी में 19,200 क्विंटल सरसों की आवक हुई। 3 मार्च से नई फसल की आवक शुरू हो चुकी है। पिछले साल फरवरी में 31,820 क्विंटल सरसों की आवक से मंडी को 15.66 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। जिले में सरसों की कटाई जारी है और अब तक 50 प्रतिशत फसल की कटाई पूरी हो चुकी है। इस बार बंपर आवक की उम्मीद जताई जा रही है।

### फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन

**करौली**, (निसं)। उपखण्ड अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख प्रेमराज मीना ने बताया कि जिले में तहसीलवार किसान रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि 6 से 8 मार्च तक तहसील करौली में सायपुर,रघुवंशी, महोली, गुनेसरा, रौंडकला, तहसील मासलपुर में गुवरेडा, नरायणा, कोटा (छाबर), जमूरा, सपोटरा में कुडगांव, एकट, जाखौदा, टोडा, बहादरपुर, मंडरायल में मोंगेपुरा, बाटदा, गढी का गांव, हिंडौन में बनकी, काचरौली, ढहरा, टोडूपुरा, पालनपुर, सूरौठ में चंदीला, चिनायटा, कसाने का नंगला, कोटवास, जगर, टोडाभीम में पदमपुरा, भजेडा, मण्डेरू, सांकरवाडा, नादौती के जीपकीपुर, धौलेटा, कैमला और बरदाला में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## मीडिया सेंसेटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन

**करौली**, (निसं)। टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत मीडिया सेंसटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर में किया गया जिसमें सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना ने अभियान की कार्य योजना और गतिविधियों से मीडिया कर्मियों को अवगत कराया एवं अभियान के सफलता के लिए मीडिया की सहभागिता की आवश्यकता जताई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश मीणा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले की ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए 6 इंडिकेटर्स आधारित गतिविधियों के आयोजन इस दौरान किया जा रहा है 6 मानकों पर खरी उतरने वाली ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्रामपंचायत का दर्जा मिलेगा जिले में 46 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है तथा 2 ग्राम पंचायत इस वर्ष दूसरी बार टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनेंगी जिन्हें महात्मा गांधी कि सिल्वर स्टैचू प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि टीबी से बचाव और उपचार की जन जागरूकता के विभाग द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं, मीडिया जन

■ **टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के अंतर्गत मीडिया सेंसेटाइजेशन वर्कशॉप का हुआ आयोजन**

जागरूकता में सहयोग करें तो आगामी वर्ष में हमारी और अधिक ग्रामपंचायतें टीबी मुक्त हो पाएंगी। उन्होंने अभी तक 169 नि-क्षय मित्र बनाने की जानकारी देते हुए टीबी रोगियों की सहायतार्थ नि-मित्र बनने की अपील की है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया ने अभियान दौरान में सस्पेक्टेड टीबी की जांच, टीबी नोटिफिकेशन की दर, ट्रीटमेंट सक्सेस रेट, ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्ट, निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्र द्वारा पोषण किट वितरण संबंधी 6 गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देकर टीबी मुक्त ठााम पंचायत की संकल्पना को साकार किए जाने का प्रमुख घटक बताया। इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा, डीपीसी -आईईसी लखन सिंह लोधा सहित मीडिया प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विदेश का वीजा दिलाने का झांसा देकर की 60 लाख की धोखाधड़ी

## आरोपियों ने आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके आदि कई देशों में वीजा लगवाने की बात कही थी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। विदेश का वीजा दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के संचालन का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला मुख्यालय पर जवाहरनगर थाने में चार लोगों के खिलाफ 60 लाख रुपए की ठगी का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों में से एक व्यक्ति श्रीगंगानगर जिले व तीन हरियाणा के हिसार जिले के निवासी हैं। पुलिस ने पीड़ित तरुण कुमार की शिकायत पर बलराज मील निवासी गांव मुकलान जिला हिसार, मोहित सहारण पुत्र प्रमोद सहारण निवासी गणेशगढ़, कोमल निवासी खेरी हरियाणा और मलिशका निवासी अर्बन स्टेट हिसार के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पीड़ित तरुण कुमार पुत्र पुत्र धर्मपाल मूलतः घड़साना का रहने वाला है और श्रीगंगानगर में डीसीटी एजूकेशन कंसल्टेंट का संचालन करता है। उसकी फर्म की ओर से स्टडी वीजा का काम किया जाता है।

तरुण ने पुलिस को बताया कि उसकी मुलाकात आरोपी मोहित सहारण से हुई। मोहित ने तरुण को बातों में ले लिया और कहा कि उसका दोस्त बलराज मील चंडीगढ़ में बड़े स्तर पर इमीग्रेशन का काम करता है। बलराज वर्क वीजा तथा टूरिस्ट वीजा की प्रोसेसिंग में मदद कर सकता है। तरुण मोहित की बातों में आ गया तो उसे चंडीगढ़ बुलाकर उसकी मुलाकात बलराज मील और कोमल से करवाई। बलराज ने खुद को इमीग्रेशन एक्सपर्ट बताते हुए कहा कि वह स्टडी वीजा के अलावा अन्य देशों

- **आरोपियों में से एक व्यक्ति श्रीगंगानगर जिले व तीन हरियाणा के हिसार जिले के निवासी हैं**

के वर्क वीजा भी प्रोसेस कर सकता है। उसने कोमल को अपनी पार्टनर बताकर कहा कि आगे की सारी बातचीत वही संभालेगी।

तरुण ने बताया कि बलराज और कोमल के कहने पर उसने ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूके के वीजा के लिए कुल 17-18 फाइलें उन्हें सौंप दीं। इन मामलों की प्रोसेसिंग के लिए आरोपियों ने अलग-अलग किस्तों में 60 लाख से ज्यादा की रकम वसूल ली।

शुरू में कोमल ने श्रीगंगानगर आकर भरोसा दिलाया कि सभी फाइलें प्रोसेस में हैं। कुछ समय बाद जब तरुण ने स्टेटस जानना चाहा तो कोमल और बलराज टालमटोल करने लगे। धीरे-धीरे सभी आरोपियों ने संपर्क बंद कर दिया और तरुण को ठगे जाने का अहसास हुआ।

पीड़ित तरुण ने बताया कि उसने आरोपियों के बताए गए खातों में किश्तों में रकम जमा करवाई। इनमें बलराज मील और कोमल के खाते शामिल हैं। इसके अलावा आरोपी मलिशका के खाते में भी बड़ी रकम ट्रांसफर की गई। आरोपियों ने कई देशों में वीजा लगवाने का झांसा दिया। पीड़ित तरुण ने बताया कि आरोपियों ने उसे आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूके आदि कई देशों में वीजा लगवाने की बात कही थी। शुरुआत में ही आरोपियों ने उससे अलग-अलग देशों के वीजा के लिए करीब 11 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद अलग-अलग खातों में राशि जमा करवाई गई। कुल मिलाकर 17-18 फाइलों के एवज में 60 लाख से अधिक की राशि जमा करवा ली। तरुण कुमार ने बताया कि आरोपियों ने कनाडा जाने के लिए अंप्लाई करने वाले लोगों के पासपोर्ट मंगवाकर फर्जी वीजा स्टाम्प तक लगा दिए। इसके अलावा आस्ट्रेलिया के लिए फर्जी टिकट तक दे दिए। यह भी कहा गया कि आस्ट्रेलिया जाने वालों की बोर्डिंग स्वयं कोमल एयरपोर्ट पर करवाएगी। पीडि़त के क्लाइंट विदेश जाने के लिए एयरपोर्ट तक पहुंच गए लेकिन इसके बाद आरोपियों ने फोन उठाना तक बंद कर दिया।

# भीलवाड़ा में कांग्रेसी नेता के ठिकानों पर सर्वे

**भीलवाड़ा,** (नि.सं.)। इस्पात कारोबारी और कांग्रेसी नेता ओम नारनीवाल के ठिकानों पर डीजीजीआई का सर्वे चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, कामधेनु और चारभुजा नाम के गोदामों पर अधिकारियों की टीम ने दस्तावेजों की गहन जांच शुरू

- **माना जा रहा है कि सर्वे के दौरान करोड़ों की कर चोरी का मामला उजागर हो सकता है**

कर दी है। बताया जा रहा है कि जीएसटी चोरी से जुड़ी अहम जानकारियां हाथ लग सकती हैं। डीजीजीआई की यह कार्रवाई सुबह से ही जारी है, और फिलहाल आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारी इस सर्वे में जुटे हुए हैं। दस्तावेजों की छानबीन के बाद बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि करोड़ों की कर चोरी का मामला उजागर हो सकता है।

# 'गंग कैनाल जल को शुद्ध कर मिल रहा स्वच्छ जल'

**जयपुर।** राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि पंजाब की फैक्ट्रियों से गंग कैनाल में आ रहे जल को विभिन्न विधियों से शुद्ध कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जा रहा है। रावत प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सतलुज नदी में दूषित जल प्रवाहित होने से रोकने के लिए पंजाब सरकार द्वारा भी प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए सतलुज नदी के जल संग्रहण क्षेत्र में कुल 57 एसटीपी का निर्माण किया गया है, जिसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अतिरिक्त 10 नए एसटीपी एवं सीईटीपी का निर्माण कार्य भी प्रगतिरत है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा वर्ष 2011 से 2014 तक हर वर्ष जल के नमूने लिए गए, जिसमें दूषित जल की पुष्टि हुई। मंडल द्वारा पंजाब प्रदूषण नियंत्रण मंडल को प्रदूषण के मुख्य स्त्रोतों की जानकारी दी गई। साथ ही सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कैपेसिटी बढ़ाने तथा स्थापित ट्रीटमेंट प्लांट की पूर्ण उपयोगिता सुनिश्चित कर सीवरेज को सतलुज में प्रवाहित नहीं करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि दूषित जल की मॉनिटरिंग के लिए बीकानेर कैनाल की आर.डी. 368.50 (राजस्थान-पंजाब बॉर्डर) पर रीयल टाइम वाटर क्वारलिटी मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सानिवि नगर खण्ड बीकानेर**

क्रमांक-6002 दिनांक-24.02.2025

**Notice Inviting Bid- 57/2024-25**

Bid for the "Construction of RUB at 321/9-10 Lalgarh Bikaner, PBM Hospital and MLA Lad Works" are invited from interested bidders from 24.02.2025 (09.30 AM) to 08.03.2025 (06.00 PM) & Open date 10.03.2025 (11.00 AM), other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://www.pwd.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in of the state and departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 223.55 Lakh.

**UBN NO. PWD2425WSOB15924**

Executive Engineer, PWD City Division, Bikaner

DIPR/C/2918/2025


# पाक को सूचनाएं भेजने वाला रेलकर्मी रिमांड पर

**बीकानेर,** (निसं)। राजस्थान इंटेलीजेंस ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

उसे बीकानेर के महाजन में लाकर जानकारियों की तस्दीक की जायेगी। महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी पाकिस्तानी युवती निमी के संपर्क में आया और हनी ट्रैप शिकार हो गया। वह पिछले डेढ़ साल से पाक एजेंट निमी के संपर्क में था और उसे गुप्त सूचनाएं भेज रहा था। इंटेलीजेंस की टीम ने उसके खिलाफ ऑफिशियल सिक्रेट एक्ट में मुकदमा दर्ज किया और गिरफ्तार कर लिया। भवानीसिंह को जयपुर कोर्ट में पेश कर तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।

- **महाजन रेलवे स्टेशन पर तैनात कर्मचारी पाक युवती निमी के संपर्क में आ गया था**

जयपुर इंटेलीजेंस की टीम आरोपी को महाजन लाएगी और उससे जानकारियों की तस्दीक करेगी। भवानीसिंह ने महाजन में सैन्य गतिविधियों और फायरिंग रेंज की सूचनाएं पाक एजेंट निमी को भेजी हैं। पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भवानीसिंह को यूपीआई से रुपए रुपए भी भेजे। भवानीसिंह के मोबाइल की फोरेंसिक जांच होगी। पाक लड़की से चैटिंग की जानकारियां भी सामने आएंगी।

# फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बांसवाड़ा,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थानाधिकारी बुधाराम बिश्नोई ने बताया कि 4 फरवरी को राजतालाब थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने शहर के इंदिरा कॉलोनी के एक मकान से तबस्सुम उर्फ तब्बु से 9, जुनैद पुत्र ईकबाल से 1 व अमजद पुत्र शाहनवाज से 1 ग्राम एमडीएमए मिथाईलीन डाईऑक्सी मैथेमफेटामाईल जब्त कर आरोपियों को मौके से गिरफ्तार किया। जिस पर राजतालाब थाने में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया। अनुसंधान का जिम्मा सदर थानाधिकारी बुधाराम को सौंपा गया। अनुसंधान के बाद आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अनुसंधान में तबस्सुम उर्फ तब्बु ने पूछताछ में उक्त एमडीएमए उसक बहन कायनात खान से खरीदना बताया था।

# नांदवेल सरपंच पर बदमाशों ने फायरिंग की, अस्पताल में भर्ती कराया

**उदयपुर,**(कासं)। उदयपुर में मावली विधायक पुष्करलाल डांगी के भांजे और नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी पर मंगलवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग कर दी। घटना में सरपंच देवीलाल घायल हो गए। गोली उनकी जांघ पर लगकर आर-पार निकल गई। घायल हालत में उन्हें एक निजी हॉस्पिटल भर्ती कराया गया है।

घटना रात करीब 10:30 बजे डबोक थाना क्षेत्र के नांदवेल गांव की है। घायल सरपंच देवीलाल ने बताया मैं कार लेकर जैसे ही घर पहुंचा। तब घर के बाहर टंकी पर दो युवक पानी पीते नजर आए। जैसे ही कार से बाहर उतरा तो उनमें से एक ने मुझ पर फायरिंग कर दी। इसके बाद वे बाइक लेकर फरार हो गए। मैं जोर से चिल्लाया तो

- **मावली विधायक पुष्करलाल डांगी का भांजा है नांदवेल सरपंच देवीलाल डांगी**
- **पुलिस ने एक हमलवार को हिरासत में लिया, दूसरे की तलाश जारी**

पिताजी घर से बाहर निकलकर आए। सरपंच ने बताया कि आरोपियों को वे नहीं जानते, न ही उनकी किसी से कोई रंजिश है। परिजन तुरंत घायल सरपंच को हॉस्पिटल लेकर गए और पुलिस को सूचना दी।

जानकारी अनुसार हमलावर भागते हुए खेड़ा चंदेसरा गांव में पहुंचे थे, जहां हमलावरों को गांव के मोहित शर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने देखा तो उन्हें शक हुआ। मोहित ने उनका परिचय जानने की कोशिश की तो एक हमलवार तुरंत भाग गया। वहीं दूसरे अन्य साथी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और डबोक थाने में सूचना दी। सूचना पर डबोक थाने से जाब्ता मौके पर पहुंचा और हमलवार को हिरासत में लिया। इसके बाद डबोक और घासा थाने का पुलिस जाब्ता खेड़ा चंदेसरा पहुंचे। ग्रामीणों के साथ खेतों में रातभर ढूंढा, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी है।


**भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**

एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाड़ी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819
ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- बीड़ा/अभि./6781/25 दिनांक :- 04/03/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for "Installation of open gym, S&F of outdoor games in BIDA parks, Repair and maintenance work of EWS sector 3 and BIDA's quarter's, P&F of new street light at various location in BIDA" is invited from interested Bidders up to 12.00 Noon date 17.03.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in** of the state; and **https://bida.rajasthan.gov.in** departmental website.

**UBN : BDA2425WSOB00075, BDA2425WSOB00076, BDA2425WSOB00077, BDA2425WSOB00078, BDA2425WSOB00079**

Executive Engineer, BIDA, Bhiwadi

Raj.Samwad/C/24/12672

राजस्थान सरकार

**कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अभि.) करौली**

क्रमांक-लेखा/भू.अभि./निविदा/2025/2401 दिनांक-28.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

कार्यालय जिला कलक्टर (भू.अभि.) करौली में फसल कटाई प्रयोग हेतु प्रयुक्त उपकरण क्रय करने हेतु इच्छुक आपर्तिकर्ता/विनिर्मित/थोक वितरक/अधिकृत डीलर/विपनन एजेन्ट फर्मो से अनुमानित राशि 21.00 लाख रूपये की ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र विस्तृत सूचना एवं शर्तें आदि का विवरण राजस्थान लोक उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthn.nic.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर https://eproc.rajasthan.gov.in पर निविदा अपलोड की जा सकती है। UBN NO.- **CKL2425GLOB00015**

वरिष्ठ लेखाधिकारी (सदस्य सचिव) कलेक्ट्रेट करौली

DIPR/C/3154/2025

**नगर विकास न्यास, पाली**

जिला कलेक्ट्रेट परिसर, पाली, फोन नं. 02932-223222, ई मेल – uitpali@gmail.com

क्रमांक :- न्या.पा./निविदा/2025/2330 दिनांक :- 04/03/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या - 34/2024-25**

नगर विकास न्यास, पाली की और से न्यास/राजकीय विभाग से नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से सिविल कार्यों हेतु ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इन कार्यों की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण विवरण **https://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है तथा न्यास कार्यालय, पाली में कार्य दिवस के दौरान देखी जा सकती है। **यूबीएन नम्बर :– ITP2425WSOB00050**

राज.संवाद/सी/24/12689 अधिशाषी अभियन्ता, नगर विकास न्यास, पाली


# पारिश्रमिक की मांग को लेकर धरना दे रहे मजदूरों को पुलिस ने खदेड़ा

**उदयपुर,** (कासं.)। उदयपुर में मध्यप्रदेश से आए मजदूरों का वन विभाग की साइट पर काम करवाने के बावजूद भुगतान नहीं किया। अपनी बकाया रुपयों के भुगतान के लिए बुधवार को मजदूर कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए।

आरोप है कि ठेकेदार ने उनसे काम करवाया गया और बकाया साढ़े 48 लाख का भुगतान नहीं किया। सड़क जाम कर बैठे मजदूरों को उठाने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। इसमें एक महिला की तबीयत बिगड़ गई। वहीं एक महिला बेहोश हो गई। मामला उदयपुर के कलेक्ट्रेट के बाहर भूपालपुरा थाना इलाके का दोपहर दो बजे का है। मजदूर पिछले तीन दिन से अपने मेहनताने को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें दो रात तो कलेक्टर के आवास के बाहर ही सोए। इसके बाद बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंच गए।

मजदूरों के अनुसार 100 लोग मध्य प्रदेश से काम के लिए उदयपुर आए थे। वन विभाग के ठेकेदारों ने पौधरोपण के लिए गड्ढे खोदने का काम करवाया था। मजदूरों का आरोप है कि उन्होंने दो जगह काम किया था। इसमें ठेकेदार बसंतीलाल के लिए परसाद में काम

- **उदयपुर में मध्यप्रदेश से आए मजदूरों का वन विभाग की साइट पर काम करवाने के बावजूद भुगतान नहीं किया था**

किया। वहीं दूसरे ठेकेदार दिलीप सिंह के लिए काला मगरा में काम किया था। मजदूरों ने बताया कि पिछले दिनों में किए गए उनके काम का कुल भुगतान 51 लाख 12 हजार 735 रुपए बनता है। उन्हें 3.59 लाख रुपए ही मिले हैं। उनके 47 लाख 53 हजार 735 रुपए बकाया है।

ठेकेदार दिलीप ने बताया कि मेरे पास मजदूरों के 81 हजार 150 रुपए और ठेकेदार बसंतीलाल पर करीब 3.50 लाख रुपए बकाया है। कुल बकाया राशि 4.31 हजार 150 रुपए अभी देने को तैयार हैं। लेकिन मजदूर बहुत ज्यादा की डिमांड कर रहे हैं। इसी विवाद को लेकर मजदूर बुधवार को कलेक्ट्रेट के सामने पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के दौरान भूपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार यहां आए और उन्हें हटाने लगे। इस दौरान कुछ महिलाएं बेहोश होकर गिर गई। वहीं परिजन उन्हें पानी पिलाकर संभालते नजर आए। करीब 72 मजदूर बीते तीन दिन से धरना दे रहे हैं। वे अपने साथ भोजन बनाने का सामान और बिस्तर प्लास्टिक के कट्टों में भरकर साथ लाए थे, जिन्हें पुलिस ने रोड से हटवा दिया। मजदूर अपनी मांग को लेकर बीते दो दिन कलेक्टर आवास के बाहर फुटपाथ पर डेरा डाले हुए थे। मंगलवार रात को एक गर्भवती महिला अंकिता बाई की हालत बिगड़ गई थी जिसे अस्पताल भर्ती कराया गया।

दो दिन कलेक्टर आवास पर धरना देने के बाद तीसरे दिन बुधवार को सभी मजदूर कलेक्ट्रेट पर आ गए और धरने पर बैठ गए। ऐसे में पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और डंडे के जोर पर मजदूरों को वहां से खदेड़ दिया। मामले को लेकर कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि ये ठेकेदार और मजदूरों के बीच का मामला है। इसे लेकर मैंने डीएफओ से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। कलेक्टर ने बताया कि मेरी जानकारी में आया है कि मजदूर तय रेट से तीन गुना भुगतान मांग रहे थे। जो भी भुगतान बकाया है उन्हें दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाहर डंडे मारकर भगाने की जानकारी मुझे नहीं है।

# बाड़मेर में जंगली सुअरों के आतंक का मामला सदन में उठा

**जयपुर।** विधानसभा में बुधवार को बाड़मेर जिले में जंगली सुअरों के आतंक से किसानों की फसलें बर्बाद होने का मामला उठा। शून्यकाल में

- **चौहटन विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में किसान जंगली सुअरों के आतंक से जूझ रहे हैं**

विधायक आदूराम मेघवाल ने पर्ची के माध्यम से यह मामला उठाते हुए बताया कि उनके चौहटन विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे बाड़मेर जिले में किसान जंगली सुअरों के आतंक से जूझ रहे हैं और यह सुअर झूंड में आकर किसानों की हरी भरी फसल को बर्बाद कर रहे हैं। सुअर किसानों की सब्जियां भी बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसान इन जंगली सुअरों से अपनी फसलों की रखवाली करने में असहाय हो रहे हैं। ऐसे में राज्य सरकार को किसानों की फसलें इन जंगली सुअरों से बचाने के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करके इन सुअरों को पकड़कर अन्य सुरक्षित स्थानों पर छोड़ा जाना चाहिए ताकि किसानों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

# भरतपुर सांसद के घर के बाहर अवैध वसूली कर रहे थे पुलिसकर्मी

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले में भरतपुर सांसद संजना जाटव के घर के बाहर पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने का मामला सामने आया है। भरतपुर सांसद संजना जाटव ने देर रात यह देखा तो ओवरलोड गाड़ियों से वसूली का वीडियो बना लिया और एसपी संजीव नैन को भेज दिया। साथ ही सांसद ने खेरली थाने के एक एएसआई पर ओवरलोड वाहनों, ट्रैक्टरों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए एसपी को फोन पर शिकायत की है।

सांसद संजना जाटव ने बताया कि वे सवाईमाधोपुर के दौरे से मंगलवार रात करीब पौने दस बजे खेरली आवास पर लौट रही थी। तभी सांसद आवास के पास खेरली पुलिस का एक एएसआई तूड़े से ओवरलोड भरे ट्रैक्टरों, ट्रकों के चालकों से अवैध वसूली कर रहा था। चालकों ने मुझे लिखित वसूली की शिकायत की। सांसद ने इसकी सूचना फोन पर एसपी को देते हुए कार्रवाई की मांग की। भरतपुर सांसद ने ओवरलोड तूड़ी से भरे वाहनों से कथित रूप से रिश्वत लेते पुलिसकर्मियों का वीडियो बनाया। वीडियो में एक ट्रक ड्राइवर पुलिस जीप के ड्राइवर को कुछ देते हुए दिखाई दे रहा है। सांसद ने रात को ही

- **सांसद जाटव ने वीडियो बनाकर एसपी को भेजा और शिकायत की**
- **एसपी संजीव नैन ने कहा है कि मामले की जांच डीएसपी कठूमर को दे दी गई है, कोई भी दोषी मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी**

अलवर एसपी संजीव नैन को वीडियो भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

इधर, मामला सामने आने के बाद अलवर एसपी संजीव नैन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। एसपी संजीव नैन ने कठूमर सीओ को इस पूरी घटना की जांच की जिम्मेदारी दी है। हालांकि, एसपी संजीव नैन का कहना है कि पुलिसकर्मी के अनुसार उसने किसी से फोन पर बात की थी। ड्राइवर ने खुद का मोबाइल देकर बात कराई थी। एसपी ने कहा है कि फिर भी मामले की जांच डीएसपी कठूमर को दे दी गई है, कोई भी दोषी मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता, सा.नि.वि. वृत्त-ग्रामीण, जयपुर**

पी.डब्ल्यू.डी. कैम्पस, जैकब रोड, जयपुर क्लब के सामने, जयपुर फोन-0141-2223527

क्रमांक-12134-47 दिनांक-21.02.2025

**निविदा सूचना संख्या-21/2024-25**

ग्रामीण वृत्त, जयपुर अन्तर्गत ग्रामीण वृत्त, जयपुर अन्तर्गत बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की पालना में विभिन्न सडक निर्माण कार्य हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 17.03.2025 को सायं 06.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से संबंधित अन्य विवरण राज्य की उपापन पोर्टल एवं विभागीय वेबसाईट पर देखे जा सक्ते है। उपापन की अनुमानित कुल लागत रू. 172.68 लाख है।

**UBN NO. PWD2425WSOB15736**

अधीक्षण अभियन्ता
सा.नि.वि. ग्रामीण वृत्त-जयपुर
फोन नं. 0141-2223527

DIPR/C/2795/2025

**कार्यालय नगरपरिषद, राजसमन्द**

जिला परिषद रोड, राजनगर

टेलिफोन नं. 02952-220034, फेक्स नं. 02952-221233, ई-मेल rajsamandnagarpalika@gmail.com

क्रमांक : एफ( )नपरा/इंजी/ई निविदा/22/2024-25/9070 दिनांक :- 25.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 22/2024-25**

नगर परिषद राजसमन्द द्वारा विकास कार्यो हेतु समस्त विभागों में पंजीकृत संवेदकों, कम्पनी, संगठनों/संस्थानों से ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन तकनीकी व वित्तिय निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

| निविदा क्रार्यक्रम | तिथि व समय |
| --- | --- |
| कार्य की संख्या | 1 |
| कार्यो की अनुमानित लागत | 20.00 लाख |
| निविदा अपलोड की तिथि | 27.02.2025 06:00 PM |
| निविदा डाउनलोड प्रारम्भ तिथि | 27.02.2025 09:00 AM |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि | 10.03.2025 06:00 PM |
| भौतिक रूप से दस्तावेज जमा करने की तिथि | 11.03.2025 01:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 11.03.2025 03:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा हेतु वेबसाईट | http://eproc.rajasthan.gov.in |
| दोष निवारण अवधी | नियमानुसार |
| **UBN NO-** | **DLB2425WSOB18438** |

राज.संवाद/सी/24/12679 सभापति नगरपरिषद राजसमन्द आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द


# प्रेमजाल में फंसाकर रूपये हड़पने वाली गैंग का पर्दाफाश, गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। फैसबुक पर फैक आईडी बनाकर अपने प्रेमजाल में फंसाकर कोटा के लोगों व व्यापारियों से लूट करने वाली गिरोह का अनंतपुरा पुलिस टीम ने पर्दाफाश करते हुए गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वारदात में मुख्य आरोपी महिला व उसका एक साथी फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस टीम तलाश कर रही है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि फरियादी प्रशान्त विजय ने अनंतपुरा थाने में 3 मार्च को रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि उसके फैसबुक अकाउंट पर एक लड़की ने मोनिका सिंघानिया नाम की आईडी से उससे पांच दिन तक बातचीत की। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि फैसबुक पर बातचीत के दौरान 25 फरवरी को कर्णेश्वर महादेव मंदिर पर उसे मिलने के लिए बुलाया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि जहां पर उसे चार लड़के मिले, जिन्होंने उसे कार में 2 से 3 घंटे तक किडनैप कर सुनसान इलाके में ले जाकर डरा धमकाकर ऑनलाईन फोन-पे के माध्यम से दो बार रूपये ट्रांसफर करवाये जिसमें एक बार 50 हजार और दूसरी बार 49 हजार 999 रूपये। फरियादी ने कहा कि चारों युवक आपस में बातचीत करते हुए कार चलाने वाले को सागर कह रहे थे और जो सागर के पास बैठा था, उसको साजन वैष्णव और दो लड़के जिन्होंने उसे पकड़ रखा था वो आपस में एक दूसरे को चेतन और इलत्मास खान के नाम से बुला रहे थे।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिये शहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आसूचना संकलन, फेसबुक एवं अकाउंट नम्बर की जानकारी कर कड़ी मेहनत करते हुए लाड़पुरा हाल बोरखेड़ा निवासी चेतन जांगिड़ उर्फ बिट्टू (25), मोती नगर निवासी अलत्मस खान उर्फ अल्लू (20) एवं



फैसबुक पर प्रेमजाल में फंसाकर व्यापारी से लूट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया।

मोती नगर निवासी मुज्जमील खान (20) को डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ कर मामले में अनुसंधान किया तो तीनों ने पूछताछ में 25 फरवरी को कर्णेश्वर महादेव मंदिर के पास किडनेप कर रूपये हड़पने की

- **फैसबुक पर चैट करके फंसाते थे**
- **वारदात में मुख्य आरोपी महिला व उसका एक साथी फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस टीम तलाश कर रही है**

वारदात को कबूला जिस पर तीनों को गिरफ्तार किया गया।

शहर एसपी अमृता दुहन ने बताया कि मामले मे अनुसंधान में सामने आया कि विज्ञान नगर निवासी अलीना नाम की एक लड़की ने बोम्बे योजना निवासी सागर अग्रवाल को अपना मुंह बोला भाई बना रखा है। मामले में सामने आया कि अलीना ने फेसबुक अकाउंट पर मोनिका सिंघानिया (अन्सु) नाम से अकाउंट बना रखा है।

जिसके माध्यम से वह कोटा के लोगों व व्यापारियों को अपने प्रेमजाल में फंसा लेती है और कुछ दिन तक चैटिंग करने के बाद अलीना उनको सुनसान जगह पर मिलने के लिये बुलाती है। उसके बाद जैसे ही वह व्यक्ति प्रेमजाल में फंसकर उस स्थान पर पहुंचता तो महिला अपने मुंह बोले भाई सागर उर्फ नन्नु व उसके साथियों को बुलाकर उक्त व्यक्ति को पकड़कर उस पर दुष्कर्म का आरोप लगाने का बोलकर बंधक बना लेते थे। फिर उसके एकाउंट में जो भी रकम होती थी उसको निकालकर उसकी तरफ से अपनी फेसबुक पर की गई चैटिंग को डिलिट कर देती थी और उसके बाद उसको छोड़ देते थे।

शहर एसपी ने बताया कि उद्योग नगर थाना इलाके में भी अलीना द्वारा पूर्व में एक वारदात कर व्यापारी राजकुमार अग्रवाल से 45 हजार रूपये अकाउंट में डलवाये थे, जिसके बाद से अलीना फरार हो गई। शहर एसपी ने बताया कि पूर्व मे भी कुछ मामले दर्ज हुए जिसमे राजीनामा किया गया। शहर एसपी ने बताया कि घटना के बाद से ही महिला अलीना और उसका मुंह बोला भाई सागर अग्रवाल फरार है जिनकी तलाश जारी है।


Government of Rajasthan

**OFFICE OF THE SUPERINTENDENT & MEMBER SECRETARY, RAJASTHAN MEDICARE RELIEF SOCIETY, MAHILA CHIKITSALAYA, SANGANERI GATE JAIPUR.**

No. Store/MCSG/2024-25/2486 Dated: 25.02.2025

**E-TENDER NOTICE**

Tenders are invited rate contract for supply of Surgical Disposable & Consumable Items for hospital Use. Tender Document will be available on the website. The tender notice and other details can be downloaded from the website http://eproc.rajasthan.gov.in No separate hardcopy will be given from this office. Any technical diffculty please contact the Office.

**Bidding Schedule**

| S.No. | Description | Surgical Disposable & Consumable Items |
| --- | --- | --- |
| 1 | Estimated Cost | Rs. 01 Crore (Rupees One Crore Only) |
| 2 | Tender Fees | Rs. 500.00 (Rupees Five Hundred Only) |
| 3 | RISL Processing Fees | Rs. 1500.00 (Rupees One Thousand Five Hundred Only) |
| 4 | Earnest Money | Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lac Only) |
| 5 | Publishing in e-Tender Dated & Time | 05.03.2025 at 12.00 PM |
| 6 | Document downlad start date & Time | 05.03.2025 from 12.00 PM |
| 7 | Document Download end time & date | 17.03.2025 till 5.00 PM |
| 8 | Bid submission start date & Time | 05.03.2025 from 12.00 PM |
| 9 | Bid submission end date & Time | 17.03.2025 till 5.00 PM |
| 10 | Tender Fee, Tender Processing Fee, EMD Submission (Date and Time) | 17.03.2025 till 4.00 PM |
| 11 | Tender opening date & venue | 18.03.2025 at 1.00 PM at Superintendent & Member Secretary Office, Jaipur |

1. Earnest Money and tender fees (in the form of Bankers Cheque/Demand Draft in favour of Member Secretary. Rajasthan Medicare Relief Society, Mahila Chikitsalaya, Sanganeri Gate, Jaipur. Payable at Jaipur and RISL processing fees (by way of bankers Cheque/Demand Draft in favour of MD, RISL, Jaipur to be submitted physically at the office of Member Secretary Rajasthan Medicare Relief Society, Mahila Chikitsalaya, Sanganeri Gate, Jaipur.
2. Bidders who wish to participate in this tender will have to register on http://eproc.rajasthan.gov.in.
3. To participate in online tender, bidders will have to procure digital signature certificate (DSC) as per information Technology Act.2000
4. The Member Secretary Rajasthan Medicare Relief Society, Mahila Chikitsalaya, Sanganeri Gate, Jaipur Reserves the right to reject all/any application received from the firm without assigning and reason thereof.

NIB- SMS2425A0343, UBN- SMS2425GLOB00553

(Dr. Asha Verma)
Superintendent & Member Secretary
Mahila Chikisalaya, Saganeri Gate, Jaipur
Phone No. 0140-2600242

DIPR/C/2884/2025

